# University in News on 12 June 2021

## HINDUSTAN PAGE 6

# एलयू: 14 सदस्यीय समिति परीक्षाओं पर फैसला करेगी

लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

कोरोना महामारी के दौर में लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रों को प्रमोट और परीक्षा कराने सम्बंधी फैसले को शासन के निर्देशों के अनुरुप करने के लिए कुलपति डा. आलोक कुमार राय ने एक समिति का गठन कर दिया है। 14 सदस्यीय समिति में एलयू के तमाम विभागों के अध्यक्ष के साथ महिला कॉलेज और शिया कॉलेज के प्राचार्य को भी शामिल किया है।

विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्रों को प्रमोशन देने तथा थर्ड ईयर के छात्रों की परीक्षा कराने को लेकर शासन द्वारा दिए गए निर्देशों पर लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक और समिति बना दी है। कोरोना वायरस की वजह से प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष के छात्रों को जहां प्रमोट किए जाने की बात है तो वहीं तृतीय वर्ष के छात्रों और पीजी के छात्रों की परीक्षा कराए जाने को लेकर निर्णय लेना है। एक दिन पूर्व परीक्षा समिति की हुई बैठक में शासन के निर्देशों का पालन के लिए कुलपति को अधिकृत किया गया था। जिसके बाद शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने 1:30 दर्जन सदस्यों की समिति बना दी है।

समिति में परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना, प्रो. अरविंद अवस्थी, तृप्ता त्रिवेदी, प्रो. सी पी सिंह प्रो. आर के माहेश्वरी, प्रो. आलोक कुमार, प्रो. पीसी सक्सेना, प्रो. जमाल, प्रो. आरएस गुप्ता, प्रो. अरुण सेठी शामिल हैं। इसके अलावा शिया पीजी के प्राचार्य डा. मो. मियां, महिला डिग्री कॉलेज की प्राचार्या डा निशा गुप्ता और परीक्षाफल अधीक्षक प्रो. पियूष भार्गव को शामिल किया है।

## JAGRAN CITY PAGE I

# लविवि : परीक्षा की रूपरेखा बनाने के लिए कमेटी गठित

जासं, लखनऊ : लखनऊ विवि ने परीक्षा/प्रोन्नत के संबंध में रूपरेखा तैयार करने के लिए शुक्रवार को समिति का गठन कर दिया।

प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के निर्देश में समिति में डीन आर्ट्स प्रो. आर अरविंद अवस्थी, डीन एजुकेशन प्रो. तृप्ता त्रिवेदी, डीन लॉ प्रो. सीपी सिंह, डीन कामर्स प्रो. आर के माहेश्वरी, डीन फाइन आर्ट्स प्रो. आलोक, डीन आयुर्वेद प्रो. पीसी सक्सेना, डीन यूनानी प्रो. जमाल अख्तर, फैकल्टी आफ इंजीनियरिंग के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. आरएस गुप्ता, रसायन विज्ञान के हेड प्रो. अरुण सेठी, शिया पीजी कालेज के प्राचार्य डा. मो. मियां, महिला पीजी कालेज की प्राचार्या डा. निशा गुप्ता, परीक्षाफल अधीक्षक प्रो. पीयूष भार्गव के साथ परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना को शामिल किया गया है। समिति को जल्द अपनी रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है।

## AMRIT VICHAR PAGE 3

# एलयू कुलपति ने समिति का किया गठन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रों को प्रमोट और परीक्षा कराने सम्बंधी फैसले को शासन के निर्देशों के अनुरुप करने के लिए कुलपति डा. आलोक कुमार राय ने एक समिति का गठन कर दिया है। 13 सदस्यीय समिति में लखनऊ विश्वविद्यालय के तमाम विभागों के अध्यक्ष के साथ महिला कॉलेज और शिया कॉलेज के प्राचार्य को भी शामिल किया गया है। विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्रों को प्रमोशन देने तथा थर्ड ईयर के छात्रों की परीक्षा कराने को लेकर शासन द्वारा दिए गए निर्देशों पर लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक और समिति बना दी है। कोरोना वायरस की वजह से प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष के छात्रों को जहां प्रमोट किए जाने की बात है तो वहीं तृतीय वर्ष के छात्रों और पीजी के छात्रों की परीक्षा कराए जाने को लेकर निर्णय लेना है। एक दिन पूर्व परीक्षा समिति की हुई बैठक में शासन के निर्देशों का पालन के लिए कुलपति को अधिकृत किया गया था।

## VoL PAGE 3

# एलयू की परीक्षाओं पर 13 सदस्यीय समिति लेगी फैसला

लखनऊ। कोरोना महामारी के दौर में लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रों को प्रमोट और परीक्षा कराने सम्बंधी फैसले को शासन के निर्देशों के अनुरुप करने के लिए कुलपति डा. आलोक कुमार राय ने एक समिति का गठन कर दिया है।13 सदस्यीय समिति में लखनऊ विश्वविद्यालय के तमाम विभागों के अध्यक्ष के साथ महिला कॉलेज और शिया कॉलेज के प्राचार्य को भी शामिल किया गया है।विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्रों को प्रमोशन देने तथा थर्ड ईयर के छात्रों की परीक्षा कराने को लेकर शासन द्वारा दिए गए निर्देशों पर लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक और समिति बना दी है।कोरोना वायरस की वजह से प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष के छात्रों को जहां प्रमोट किए जाने की बात है तो वहीं तृतीय वर्ष के छात्रों और पीजी के छात्रों की परीक्षा कराए जाने को लेकर निर्णय लेना है।